सं. 05/01/2025 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 01 मई, 2025

**कार्यालय आदेश**

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के निर्धारित (बेंचमार्क) दिव्यांगता वाले कार्मिकों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने संबंधी मामले में सहयोग के लिए केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के निम्नलिखित 02 अधिकारियों को अटेचमेंट बेसिस पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में तैनात किया जाता है:-

| क्र.सं. | नाम / पदनाम | वर्तमान तैनाती | अटेचमेंट पर तैनाती का कार्यालय |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री परमजीत यादव, उप निदेशक (रा. भा.) | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | राजभाषा विभाग |
| 2. | श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक (रा. भा.) | गृह मंत्रालय | राजभाषा विभाग |

2. श्री परमजीत यादव तथा श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा राजभाषा विभाग में की जाने वाली इस अस्थायी ड्यूटी के लिए किसी अतिरिक्त वेतन एवं भत्तों का भुगतान नहीं किया जाएगा। श्री परमजीत यादव तथा श्री दिनेश कुमार सिंह को इस अवधि के वेतन और भत्तों का भुगतान उनके वर्तमान तैनाती के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों द्वारा ही वहन किया जाएगा। संबंधित कार्य के समापन पश्चात श्री परमजीत यादव तथा श्री दिनेश कुमार सिंह को राजभाषा विभाग से कार्यमुक्त किया जाएगा।

3. संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय से अनुरोध है कि श्री परमजीत यादव तथा श्री दिनेश कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए राजभाषा विभाग में अटेचमेंट बेसिस पर तैनात करने का निदेश दें।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

01/5/2025

**(राजेश कुमार)**
**सहायक निदेशक (सेवा)**

सेवा में,

1. अवर सचिव (प्रशासन/ स्थापना), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
2. अवर सचिव, प्रशासन – V, गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
3. सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
4. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के प्रधान निजी सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
5. अनुभाग अधिकारी (प्रशा.), राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
6. श्री परमजीत यादव, उप निदेशक (रा. भा.), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
7. श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक (रा. भा.), गृह मंत्रालय, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
8. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, राजभाषा विभाग, एनआईसी, कृपया कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
9. गार्ड फाइल।

-----